दिन–मंगलवार दिनांक– 16/12/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

राज्य मंत्रिमंडल ने सात निश्चय योजना–तीन को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आज हुयी राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को सहमति प्रदान की गयी। मुख्यमंत्री ने स्वयं सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी साझा की। उन्होंने लिखा कि चौबीस नवम्बर दो हजार पांच से राज्य में सुशासन का राज स्थापित है। श्री कुमार ने कहा कि सात निश्चय–दो के निर्धारित लक्ष्यों को सफलतापूर्वक हासिल किया गया है और अब बिहार को देश के सर्वाधिक विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल करने के लिए सात निश्चय–तीन को लागू करने का निर्णय लिया गया है। इसका उद्देश्य दोगुना रोजगार–दोगुनी आय, समृद्ध उद्योग–सशक्त बिहार समेत सात बिंदुओं पर प्रदेश को प्रगति पथ पर आगे बढ़ाना है।

————————————————————————

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आज लोकसभा में बीमा कानूनों में संशोधन से संबंधित विधेयक 'सबका बीमा सबकी रक्षा' पेश किया। यह विधेयक बीमा अधिनियम उन्नीस सौ अड़तीस, जीवन बीमा निगम अधिनियम, उन्नीस सौ छप्पन और बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम, उन्नीय सौ निन्यानवे में संशोधन करता है।

————————————————————————

केन्द्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा है कि राज्य सरकारों ने दो करोड़ से अधिक अपात्र और फर्जी राशन कार्ड रद्द कर दिए हैं। श्री जोशी ने आज राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए बताया कि राशन कार्डों को हटाना या जोड़ना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि देश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के पात्र लाभार्थियों को लक्षित करने के लिए निन्यानवे प्रतिशत से अधिक राशन कार्ड आधार से लिंक किए जा चुके हैं।

————————————————————————

आज विजय दिवस है। आज ही के दिन उन्नीस सौ इकहत्तर में भारत ने पाकिस्तान को युद्ध में पराजित किया था। इस अवसर पर जीत के नायक रहे सैनिकों को नमन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने संदेश में कहा है कि सैनिकों के साहस और बलिदान ने भारत को एतिहासिक जीत

दिलायी। श्री मोदी ने कहा कि सैनिकों के पक्के इरादे और निस्वार्थ सेवा ने देश को गौरव का पल दिया। इधर, राजधानी पटना के कारगील चौक स्थित शहीद स्मारक समेत प्रदेश के विभिन्न भागों में शहीदों के सम्मान में विजय दिवस का आयोजन किया जा रहा है।

———————————————————————

पश्चिमी हवा का प्रभाव कमजोर पड़ने के कारण राज्य के अधिकतर भागों में न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। इसके कारण ठंड का एहसास कम हुआ है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले दो दिनों के दौरान राज्य के अधिकतर भागों में मौसम में कुछ विशेष परिवर्तन नहीं होगा। विभाग ने कहा कि उन्नीस दिसम्बर के बाद एक मजबूत पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के विभिन्न भागों में ठंड बढ़ेगी। विभाग ने बताया है कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पश्चिम और दक्षीण–पश्चिम भागों में अनेक स्थानों पर सुबह और शाम के समय मध्यम स्तर का कोहरा छाये रहने की सम्भावना है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान समस्तीपुर का पूसा राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान नौ दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

———————————————————————

इंडियन प्रीमियर लीग, आईपीएल दो हजार छब्बीस के लिए आज यूएई के अबूधावी में खिलाड़ियों की नीलामी की प्रक्रिया की जा रही है। इस वर्ष देश–विदेश के तीन सौ पचास खिलाड़ी नीलामी में शामिल किये गये हैं। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा भेजी गयी सूची के अनुसार प्रदेश के चार खिलाड़ी तेज गेंदबाज साकिब हुसैन, मोहम्मद इजहार, साबिर खान और विकेटकीपर बल्लेबाज बिपिन सौरभ के नाम भी नीलामी में शामिल किये गये हैं। इसके अलावा भारतीय टीम में शामिल बिहार के युवा तेज गेंदबाज आकाश दीप के लिए भी टीमें बोली लगायेंगी। आकाश दीप को लखनऊ सुपर जायंट्स ने रिलीज कर दिया है। इधर, ईशान किशन, मुकेश कुमार और वैभव सूर्यवंशी को अलग–अलग टीमों ने रिटेन कर लिया है।

———————————————————————

पश्चिम चम्पारण जिले के मझौलिया थाना क्षेत्र अन्तर्गत सरिसवा बाजार में अगलगी की घटना में आठ घर जलकर राख हो गये। इस घटना में आधा दर्जन से अधिक पशुओं की मौत हो गयी है।

———————————————————————

बेगूसराय जिले में कृषि मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मेले में जीविका और अन्य समूहों ने कई स्टॉल लगाये हैं।

———————————————————————————————

अररिया के जिलाधिकारी विनोद दूहन ने पलासी प्रखंड अन्तर्गत नकटाखुर्द में निर्माणाधीन पंचायत सरकार भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया।

———————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। अब आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।